दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि:– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में एसआईआर और विधि व्यवस्था की स्थिति को लेकर दो दिनों से गतिरोध जारी। विधानसभा में आज छह विधेयक पेश किये जायेंगे।

02. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक संतानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा। गणना फॉर्म जमा करने में तीन दिन शेष।

03. राज्य सरकार ने सभी वाहन मालिकों को अगले तीन महीने के अंदर अपने वाहन के डाटाबेस में मोबाईल नम्बर और पता अपडेट करना अनिवार्य किया।

04. और, बक्सर से लेकर भागलपुर तक गंगा नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये एहतियात के तौर पर फरक्का बराज के सभी एक सौ आठ फाटक खोले गये।

---

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और विधि व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों का गतिरोध जारी है। कल दूसरे दिन भी इन मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया। इसके चलते विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही प्रभावित हुई है। कल हंगामे के बीच विधानसभा में छह विधेयक पारित हुये। इस बीच, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि सभी विपक्षी पार्टियां एसआईआर पर चर्चा चाहती है, लेकिन सरकार चर्चा से बच रही है।

———बाईट———

इधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक राजेश राम ने कहा कि आज भी एसआईआर और विधि व्यवस्था के मुद्दे को लेकर विधानसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया जायेगा।

———बाईट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सदन नियमावली के तहत चलता है। विपक्षी दलों को नियमों का पालन करना चाहिए और असंसदीय आचरण से बचना चाहिए।

———बाईट———

इस बीच, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि एसआईआर का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में लम्बित है। ऐसे में विपक्षी दलों को संयम दिखाते हुये सदन की कार्यवाही में सहयोग करना चाहिए।

———बाईट———

इधर, विधानसभा में आज जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय सहित चार नये विधेयक और दो संशोधन विधेयक पेश किये जायेंगे। नये विधेयकों में बिहार पशु प्रजनन विनियमन विधेयक, बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार विधेयक और बिहार दुकान और प्रतिष्ठान विधेयक शामिल हैं।

---

राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक संतानवे दशमलव तीन प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अठारह लाख मृतकों के नाम भी सूची में पाये गए हैं। मतदाता सूची में छब्बीस लाख ऐसे लोग पाये गए है, जो दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में जा चुके हैं। वहीं, सात लाख लोगों ने मतदाता सूची में दो जगहों पर अपना नाम दर्ज करा रखा है। चुनाव आयोग ने इन मतदाताओं की सूची राजनीति दलों के साथ साझा कर दी है। आयोग ने कहा है कि वैसे मतदाताओं की सूची भी राजनीति दलों को दी गई है, जो अपने पते पर नहीं मिले है। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने बताया कि एसआईआर के तहत सात करोड़ सोलह लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। अब केवल इक्कीस लाख पैंतीस हजार छह सौ सोलह मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। गणना फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि पच्चीस जुलाई है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सविता पारीक।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि सभी वाहन मालिकों को अगले तीन महीने के अंदर अपने वाहन के डाटाबेस में मोबाईल नम्बर और पता अपडेट करना अनिवार्य होगा। अपर पुलिस महानिदेशक, ट्रैफिक सुधांशु कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऐसा नहीं करने पर उनके वाहन के प्रदूषण, निबंधन प्रमाण पत्र और ड्राईविंग लाइसेंस के नवीनीकरण पर रोक लगा दी जायेगी।

———बाईट———

---

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज होगी। कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में श्री सिन्हा ने जिला और प्रखंड स्तर पर उर्वरक निगरानी समिति की नियमित बैठक करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से सभी उर्वरक दुकानों पर पीओएस

मशीन में प्रदर्शित स्टॉक का भौतिक रूप से सत्यापन करने को भी कहा। लोग उर्वरक से जुड़ी किसी भी समस्या की शिकायत विभाग के हेल्पलाईन नम्बर– शून्य छह एक दो दो–दो तीन तीन पांच पांच पांच पर दे सकते हैं।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकारी आवास में कोई हमेशा के लिए नहीं रह सकता है। पूर्वी चम्पारण जिले के ढाका के पूर्व विधायक अवनीश कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई करने से इंकार करते हुये प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले में पटना उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। अवनीश कुमार सिंह वर्ष दो हजार चौदह में विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद भी पूर्व से आवंटित बंगले में रह रहे थे। सरकारी आवास के अनधिकृत कब्जे को लेकर राज्य सरकार ने उनपर लगभग इक्कीस लाख रूपये का दंड लगाया था।

———————————————————————

बक्सर से लेकर भागलपुर तक गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये एहतियात के तौर पर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित फरक्का बराज के सभी एक सौ आठ फाटक खोल दिये गये हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नदी का जलस्तर अभी भी पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी भागलपुर के कहलगांव में भी लाल निशान से ऊपर बनी हुई है। यहां नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति देखी जा रही है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने छह सौ तटबंध सुरक्षा कर्मी तैनात किये हैं। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी में उफान के कारण मुंगेर जिले के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

———बाइट———

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण जिले के दियारा क्षेत्रों में बाढ़ से तबाही के दृश्य दिख रहे हैं। कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। हजारों एकड़ में फैली फसल को नुकसान हुआ है। खास कर बिन्द दियारा इलाके में सैकड़ों एकड़ क्षेत्र में लगी परवल की खेती डूब गई है। इससे किसानो को बड़े नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इधर, बढते जलस्तर के मद्देनजर लोगों ने अपने सामान समेट कर किसी उंची जगह पर जाने की तैयारी शुरू कर दी है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन  की ओर से जल्द ही सहायता मुहैया कराई जायेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

हमारे भागलपुर संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी में उफान से सबौर, कहलगांव और पीरपैंती प्रखंड सबसे अधिक प्रभावित हुये हैं। कटिहार में गंगा के साथ–साथ कोसी और बरंडी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होने से कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। सड़कों पर पानी आ जाने से आवागम प्रभावित हुआ है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा, भोजपुर, वैशाली और पटना जिले में विभिन्न छोटी–बड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से

बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इन जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से राहत और बचाव कार्य जारी है।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

इधर, कल बांका जिले के झालर गांव में वज्रपात की घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी।

---

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। वर्ष उन्नीस सत्ताईस में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। यह दिन भारत के विकास, शैक्षिक प्रसार और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। शुरूआती दौर से ही रेडियो देश में लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। आकाशवाणी वास्तव में अपने आदर्श वाक्य –बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय पर खरा उतरते हुए जनता को सूचित करने, शिक्षित करने और उनका मनोरंजन करने में तत्पर है।

---

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की टीम ने रक्सौल रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के बुकिंग क्लर्क बीरेश कुमार को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर समस्तीपुर से रक्सौल के वाणिज्य अधीक्षक माणिक चन्द्र की भी गिरफ्तारी हुई है। ये दोनों रेल कर्मी एक पार्सल बुकिंग के लिए रिश्वत ले रहे थे।

---

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने पटना के पीरबहोर स्थित अवामी कॉपरेटिव बैंक और वैशाली सहकारी विकास कॉपरेटिव बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक सैयद शाहनवाज वजी को गबन के मामले में गिरफ्तार किया है। उसके दो अन्य सहयोगियों की भी गिरफ्तारी हुई है। इन तीनों पर बैंकों से एक सौ एक करोड़ रूपये गबन का आरोप है।

---

खगड़िया जिले के चौथम प्रखंड अंतर्गत धुतौली मलपा पंचायत में पानी भरे गड्ढे में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गयी। इन सभी का शव बरामद कर लिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर मृतक बच्चों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध करा दी गयी है।

---

पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने डाक विभाग के पूर्व वरिष्ठ लेखाकार लोहरा भगत को धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में दो साल कठोर कारावास और एक लाख दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने संसद तथा बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– हंगामे के बीच विधानसभा में छह विधेयक पारित हुये। मतदाता सत्यापन के विरोध में काले कपड़े पहनकर पहुंचे विपक्षी विधायक।

प्रभात खबर की सुर्खी है– संसद में बिहार मतदाता सूची पर हंगामा, अठारह मिनट चली लोकसभा।

दैनिक भास्कर लिखता है– ऑपरेशन सिंदूर पर राजनाथ पक्ष रखेंगे, प्रधानमंत्री मोदी जवाब देंगे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बिहार में मतदाता सूची के बाहर हो सकते है तिहत्तर लाख लोग।

राष्ट्रीय सहारा ने निर्वाचन आयोग के हवाले से लिखा है– आधार व राशन कार्ड केवल पहचान पत्र।

आज अखबार की सुर्खी है– पटना में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से तैंतालीस सेंटीमीटर ऊपर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में एसआईआर और विधि व्यवस्था की स्थिति को लेकर दो दिनों से गतिरोध जारी। विधानसभा में आज छह विधेयक पेश किये जायेंगे।
02. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक संतानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा। गणना फॉर्म जमा करने में तीन दिन शेष।

03. राज्य सरकार ने सभी वाहन मालिकों को अगले तीन महीने के अंदर अपने वाहन के डाटाबेस में मोबाईल नम्बर और पता अपडेट करना अनिवार्य किया।

04. और, बक्सर से लेकर भागलपुर तक गंगा नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये एहतियात के तौर पर फरक्का बराज के सभी एक सौ आठ फाटक खोले गये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।